## एक नजर

### रेलवे के कर्मचारियों ने लगाया भेदभाव का आरोप

**सिल्ली।** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत मुरी रेलवे स्टेशन के कैरेज विभाग के कर्मचारियों ने अपने ही अधिकारी वरिष्ठ अनुभाग अभियंता दीपक कुमार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार दीपक कुमार अपने चहेते कर्मचारियों को लाइन ड्यूटी भेजते हैं ताकि उनको ट्रैवलिंग एलाउंस बन सके एवं अन्य कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है जिसके कारण अन्य कर्मचारी क्षुब्ध है। कर्मचारियों ने दबे जुबान से बताया कि हम लोगों को कभी लाइन ड्यूटी भेजने के संदर्भ में बताया ही नहीं जाता है। इस संबंध में रेलवे के अधिकारी दीपक कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा कि अन्य कर्मचारियों को लाइन ड्यूटी जाने के लिए कहने पर बहाना बनाते हैं और कहा कि हम 1932 खतियान आधारित स्थानीय है कोई हमें कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा।

### छिपकली गिरने से विषाक्त भोजन खाकर एक ही परिवार के चार की तबीयत बिगड़ी

**सिल्ली।** प्रखंड के अड़ाल गांव में छिपकिली गिरी विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के चार लोग की हालत गंभीर बनी है। इनमें रघुनाथ गंझू उनकी पत्नी सुभद्रा देवी, सहचरी देवी और अभरण गंझू शामिल हैं। घटना मंगलवार दोपहर की है। बताया जाता है कि सभी लोग 108 एंबुलेंस से सिल्ली स्थित सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराए गए। हालांकि इलाज के बाद सभी की हालत में सुधार हो रहा है। सुभद्रा देवी ने बताया कि घर में खाना बनाकर सभी खा रहे थे और आखिरी में वह खाने लगी तो उनकी थाली में एक छिपकली मिल गई। इसके बाद सभी लोग एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों का कहना था कि कोई ज्यादा घबराने की बात नहीं यह सभी लोग जल्द ही ठीक हो जायेगी और वह घर वापस चले जायेंगे।

### ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, नर्सिंग होम में परिजनों का हंगामा

**सिल्ली।** मुरी सिंगपुर चौक स्थित मातृछाया नर्सिंगहोम में महिला की मौत के बाद सोमवार की रात 12 बजे परिजनों ने हंगामा कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में मामूली तोड़फोड़ की और संचालक विष्णुचरण महतो के साथ हाथापाई की। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में लापरवाही के कारण झालदा निवासी 30 वर्षीय मधु स्वर्णकार नामक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि 13 अक्तूबर की रात नौ बजे ऑपरेशन से महिला ने एक शिशु को जन्म दिया है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ थे, सोमवार की रात साढ़े 11 बजे महिला की मौत हो गई। इसके बाद महिला के पति समेत अन्य परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने के बाद स्थिति सामान्य हुई।

सही समय पर रिपोर्ट नहीं मिलने से बीएलओ पर भड़के अंचलाधिकारी, कहा

# प्रमाण पत्र जमा नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

*लापुंग की बैठक से अधिसंख्य बीएलओ गायब रहे, नहीं मिला प्रमाण पत्र, जमा करने का दिया सख्त निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** बीएलओ के रूप में काम करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा सही समय से रिपोर्ट जमा नहीं करने पर लापुंग के अंचलाधिकारी पंकज कुमार भड़क उठे। उन्होंने चेतावनी दी कि बुधवार 16 अक्टूबर तक रिपोर्ट जमा नहीं करने वाली बीएलओ के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई में उनकी नौकरी भी नहीं बचेगी।

उल्लेखनीय है कि सभी बीएलओ को सभी मतदान केंद्रों में सभी पात्र नागरिकों का निबंधन करने एवं निबंधन से संबंधित मतदान केंद्रों में पात्र नागरिक का निबंधन हो जाने का प्रमाण पत्र जमा करना था। यह काम पिछले 4 अक्टूबर तक करना था। बीएलओ को यह प्रमाण पत्र भी देना था कि मतदाता सूची के प्रथम एवं द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं अधतनीकरण अवधि के दौरान सभी विलोपित प्रविष्ठियों की जांच कर ली गई है कोई भी त्रुटिपूर्ण विलोपन नहीं हुआ है।

उन्होंने सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को सभी संबंधित बीएलओ से बुधवार तक हर हालत में प्रमाण पत्र ले लेने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक बुलाई गई थी। लेकिन बैठक में हड़ताल के कारण सात -आठ बीएलओ को छोड़कर शेष सभी बीएलओ उपस्थित नहीं हुए। बताया गया कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिसके कारण वे बैठक में उपस्थित नहीं हुईं।

# सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अधिवक्ता के परिवार को 50.90 लाख मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष चंद की पीठ ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले अधिवक्ता के परिजनों को 50.90 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। पीठ ने इंश्योरेंस कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस की उस याचिका को खारिज कर दी है, जिसमें कंपनी की ओर से मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायाधिकरण ने इंश्योरेंस कंपनी को सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले वकील अजीत कुमार के परिवार को मुआवजा के भुगतान का आदेश दिया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, प्राथमिकी, चार्जशीट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना का तथ्य पर्याप्त रूप से सिद्ध होता है।

*पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, प्राथमिकी, चार्जशीट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना का तथ्य पर्याप्त रूप से सिद्ध होता है*

न्यायाधिकरण का आदेश सही है। इसलिए, कंपनी की याचिका खारिज की जाती है। बता दें कि वर्ष 2018 में धनबाद के अधिवक्ता अजीत कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी मुन्नी कुमारी ने बीमा पॉलिसी के तहत इंश्योरेंस के लिए दावा किया था। मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल ने कंपनी को अजीत कुमार के परिजनों को 50.90 लाख मुआवजा भुगतान का आदेश दिया था। मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ इंश्योरेंस कंपनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।


## न्यूज | बॉक्स

### खलारी के राजनीतिक दलों को दी गई आदर्श आचार संहिता अनुपालन की जानकारी



**खलारी।** आसन्न विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के पश्चात आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर खलारी प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधियों की बैठक खलारी प्रखंड कार्यालय में हुई। अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची द्वारा आदर्श आचार संहिता सुनिश्चित करने संबंधी निर्देशों की जानकारी दी गई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र से राजनीतिक दलों के सभी प्रकार के झंडा, बैनर, पोस्टर, पंपलेट, होर्डिंग आदि हटाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, मंडल संयोजक भाजपा रामसूरत यादव, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस साबिर अंसारी, प्रखंड संयुक्त सचिव झामुमो चित्तरंजन सिंह, रांची जिला उपाध्यक्ष जेएलकेएम कृष्णा कुमार, विक्की सिंह, तनवीर आलम, शम्भू दास, शिवानी यादव, मंतोष कुमार उपस्थित थे।

### वारंटियों के खिलाफ अड़की पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**रांची।** अड़की थाना में तीन अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे वारंटी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई । इन सभी मामलों में अड़की पुलिस द्वारा वारंटियों के घर व चौक-चौराहों पर इस्तेहार चिपका कर उन्हें अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। आरोपियों में आर्म्स एक्ट मामले में सुखराम पाहन, बुधु मुंडा, गुलशन मुंडा, सोहराई मिर्धा व नकुल मिर्धा को अदालत में एक माह के अंदर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यदि वे उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है।

### भोला मिष्ठान्न भंडार के संचालक पर लोगों का फूटा गुस्सा



चान्हो। बिजूपाड़ा चौक में अवस्थित भोला मिष्ठान्न भंडार द्वारा अवैध पार्किंग कर सड़क पर ही गाड़ियों को खड़ा कराया जाता रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती है। कोई ना कोई व्यक्ति घायल होता है। मंगलवार को इसी तरह का कुछ नजर शाम छह बजे के करीब देखा गया। जहां एक साथ तीन गाड़ियां एक दूसरे से जा टकराया। पहले टर्बो ने कार को मारी टक्कर, पीछे से अनियंत्रित बाइक कार से जा टकराई। हालांकि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। लेकिन भीड़ में एकत्रित लोगों ने एक स्वर में होटल संचालक के विरुद्ध आवाज बुलंद की और कहा कि अवैध पार्किंग की व्यवस्था यहां पर से अविलंब हटाया जाए। ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अनहोनी ना हो। इसकी सूचना ग्रामीण एस पी, स्थानीय थाना, अंचल अधिकारी एवं एसडीओ रांची को भी दे दी गई है। अब देखना है कि यह सड़क अतिक्रमण मुक्त कब होता है। ताकि गुजरने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।

### विधानसभा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा जारी

**रांची।** विधान सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गई है। घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनितिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए जन-सभा / जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनितिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित / आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित / असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

दो महीने से बंद है खलारी की पांच पंचायतों की जलापूर्ति

# जल शुल्क वसूली के नियम में उलझकर रह गया है वाटर फिल्टर प्लांट



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी के पांच पंचायतों की करीब 25 हजार आबादी की जलापूर्ति विगत दो महीनों से ठप है। खलारी प्रखंड के बुकबुका महावीरनगर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का 5.5 एमएलडी का वाटर फिल्टर प्लांट है। इसी से प्रखंड के बुकबुका, खलारी, चूरी दक्षिणी, हुटाप तथा चूरी उत्तरी पंचायत के ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति की जाती है। करंजतोरा स्थित सपही नदी में संप बनाया गया है जहां से बुकबुका के फिल्टर प्लांट को सपही नदी का पानी भेजा जाता है। संप में पानी खींचकर भेजने के लिए दो बड़े-बड़े इलेक्ट्रिकल मोटर लगाए गए हैं। बिजली नियंत्रण के लिए पैनल बोर्ड बनाया गया है। मोटर और पंप के बीच बियरिंग लगे हैं। इसी संप में एक साथ कई खराबी आ गई है। पहले इलेक्ट्रिकल पैनल में खराबी आई, जिसे ठीक कर लिया गया। बाद में बियरिंग में खराबी आई, उसे भी बदल दिया गया। अब दोनो बड़े मोटरों में ही खराबी आ गई है। बताया जा रहा है कि दोनो मोटर के क्वायल बदलने होंगे।

### मुखिया को नहीं है जल शुल्क वसूली का अधिकार

इस प्लांट का संचालन बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की कमेटी करती है। जलापूर्ति वाले पंचायतों के मुखिया ही इस कमेटी के अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक हैं। कमेटी की अध्यक्ष खलारी पंचायत की मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने बताया कि पैसे की कमी के कारण यह नौबत आई है। पांच पंचायतों में तीन हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। इसमें सर्वाधिक उपभोक्ता बुकबुका पंचायत में हैं। सरकारी नियम के अनुसार उपभोक्ताओं से मासिक जल शुल्क वसूलने का अधिकार संबंधित पंचायत की जलसहिया को है। वसूले गए जल शुल्क का दस प्रतिशत जलसहिया को कमीशन मिलता है। जलसहिया को उनके पंचायत के सभी उपभोक्ताओं से जल शुल्क नहीं मिल पा रहा है। संबंधित मुखिया जल शुल्क वसूलने की जबाबदेही किसी दूसरे को नहीं दे सकते हैं। जल शुल्क वसूली जलसहिया के अधिकार क्षेत्र में है। यह नियम मुखिया को जल शुल्क वसूलने से रोकता है। परंतु पूरे प्लांट के किसी भी सिस्टम में खराबी आई तो बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की कमेटी को ही ठीक कराना होता है। मरम्मती छोड़ कर प्रतिमाह केवल श्रमिकों की मजदूरी व सफाई करने वाले केमिकल की खरीदारी में करीब 80 हजार रूपए का खर्च है। जल शुल्क की वसूली ठीक से नहीं होने से हमेशा फंड की कमी रहती है।

### बीडीओ करवा रहे हैं मोटर की मरम्मत

पिछले दिनों स्थानीय बीडीओ की अध्यक्षता में पानी को लेकर ही एक बैठक की गई थी। बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की कमेटी द्वारा हाथ खड़ा करने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने 15वें वित्त के प्रखंड कोआर्डिनेटर को एक लाख रूपए खर्च कर मोटर मरम्मत करने का निर्देश दिया है। जिससे एक मोटर को ठीक कर लिया गया है। दूसरे मोटर को दुरूस्त करने का काम चल रहा है। परंतु जिस गति से काम चल रहा है उसमें करीब 15 दिन और समय लगने का

### दुर्गा पूजा में भी लोगों को नहीं मिला पानी, रहे परेशान

पूरे दुर्गा पूजा में पांच पंचायत के लोगों को पानी नहीं मिल सका। अभी भी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि करोड़ों के लागत से निर्मित इस प्लांट से कभी भी लोगों को प्रतिदिन नल से पानी नहीं मिल सका। साल के चार महीने सपही नदी में पानी नहीं होने का कारण बताकर जलापूर्ति बंद रखा जाता है। अब जब की नदी में पर्याप्त पानी है तब तकनीकी कारण से जलापूर्ति ठप है।

# महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने निकाली आशीर्वाद यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा के नेतृत्व में आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ रांची विधानसभा स्थित पहाड़ी मंदिर के द्वार से किया गया। इस यात्रा में लोगों और कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य रांची विधानसभा के विभिन्न वार्डों के नागरिकों से मिलकर कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त करना है। यात्रा पहाड़ी मंदिर द्वार से शुरू होकर बालाजी मंदिर से होते हुए चुन्ना भट्टा, खादगढ़ा होते हुए किशोरगंज रोड संख्या एक से नौ तक जाते हुए समाप्त हुई।

डॉ कुमार राजा ने कहा कि रांची विधानसभा की जनता ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है, लेकिन पिछले 27 वर्षों से यहां एक ही विधायक का कब्जा होने के कारण राजधानी का विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। न तो रांची में उचित पार्किंग की सुविधा है, न ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के स्तर में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। जिन रांची वासियों ने स्मार्ट सिटी बनने का सपना देखा था, उनके लिए आज की स्थिति निराशाजनक और बदहाल हो गई है। मौके पर मुख्य रूप से अमरेंद्र सिंह, जॉय चक्रवर्ती, शाहबाज, मेहुल प्रसाद, प्रिंस बट्ट, कमल ठाकुर, खुशबू, नीतू पासवान, सौरभ अग्रवाल, गौरव सिंह, विक्की ठाकुर, अनिकेत राज, तनु सिंह, रितेश चौधरी, मिठू जायसवाल समेत अन्य मौजूद थे।

# राहुल गांधी 19 को आएंगे रांची

**नवीन मेल संवाददपाता। रांची** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 अक्तूबर को रांची आ रहे हैं। वे संविधान सम्मान समारोह में भाग लेंगे। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से प्रस्तावित संविधान सम्मान समारोह की सफलता के लिए कांग्रेस की टीम दिल्ली से रांची पहुंची और स्थल का चयन किया। शौर्य सभागार में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए कांग्रेस की प्रतिष्ठा सिंह, मनोज त्यागी, अनिल जैन ने झारखंड कांग्रेस के नेताओं से मंथन किया। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय, आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ

**कांग्रेस ने प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने से लेकर संपर्क स्थापित करने तक का पूरा खाखा तैयार किया**

राजेश गुप्ता छोटू, सुल्तान अहमद, रविंद्र सिंह, अशोक चौधरी, मदन मोहन शर्मा, अभिलाष साहू, विनय सिन्हा के साथ कई अन्य नेताओं के साथ एआईसीसी से आए पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने से लेकर संपर्क स्थापित करने और उन्हें आमंत्रित करने का पूरा खाखा तैयार किया गया एवं जिम्मेदारी सौंपी गई।

# पुल के नीचे गिरी बाइक, पत्नी की मौत पति व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र के लापुंग लालगंज सड़क पर भंगी नदी के पुल पर बने डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार पत्नी पुल के नीचे नदी में गिरी। बाइक चालक पति और दोनों बच्चे पल के ऊपर गिरकर गंभीर रूप से घायल। मृतका का नाम 27 वर्षीया पुष्पा मुंडाइन पति सुरेश मुंडा बताया जा रहा है। बाइक चालक पति सुरेश मुंडा एवं उनके दोनों बच्चे क्रमशः नौ वर्षीय अनित मुंडा का बायां पैर टूट गया जबकि दूसरा पांच वर्षीय अवित मुंडा के सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। घायल बाइक चालक सुरेश मुंडा के सिर पर चोटें आई हैं जबकि उनके बच्चे की नाक व मुंह से खून निकल रहा था उसकी हालत भी गंभीर बतायी जा रही है। सभी घायलों एवं मृतका के शव को नदी से निकालकर लापुंग थाना के सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र महतो ने जातालोया निवासी अभिमन्यु सिंह और चौकीदारों सहित सहयोग नदी के पानी से बाहर निकाला और ग्रामीणों की मदद से लापुंग लाया। गंभीर रूप से घायल पिता और दोनों बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग लाया। जहां चिकित्सकों क्रमशः डॉ नमिता लकड़ा व डॉ सुबोध कांत सिन्हा ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों बच्चों को रिम्स रेफर किया।गंभीर अवस्था के देखते हुए दोनों बच्चों को प्राइवेट कार से से बिना ऑक्सीजन वाली कार से रिम्स रेफर किया। एंबुलेंसकर्मियों के हड़ताल के कारण घायलों को रिम्स समय से नहीं पहुंचने व ऑक्सीजन के अभाव में कई लोगों की जान चली जा रही है। पुष्पा मुंडाइन के शव पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को रिम्स भेजा जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी बाइक सवार अपने गांव गाड़ी गांव से रांची की ओर जा रहा थे तभी कुछ चीजें घर पर छुटने के कारण वापस मुड़कर पुनः लापुंग से अपने घर गाड़ी गांव की ओर लौट रहे थे । तभी उनका पल्सर मोटर साइकिल भंगी नदी के पास टर्निंग में संतुलन बिगड़ जाने के कारण डिवाइडर से टकरा गई। पत्नी पुष्पा मुंडाईन 30 फीट नीचे भंगी नदी में गिर गई जबकि पति और दोनों बच्चे बाइक सहित पुल के ऊपर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# डॉ पी शिवकुमार अंतरराष्ट्रीय सेरिकल्चरल आयोग के प्रधान सचिव बने



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भारतीय वन सेवा के अधिकारी और केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ पी शिवकुमार को अंतरराष्ट्रीय सेरिकल्चरल आयोग का प्रधान सचिव बनाया गया। केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य सचिव पी शिवकुमार को अंतरराष्ट्रीय सेरिकल्चरल आयोग (आईएससी) के सेक्रेट्री जनरल (महासचिव) का दायित्व दिया गया है। जिनका कार्यकाल 2025 से 2027 तक के लिए है। नगड़ी स्थित केन्द्रीय तसर अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने दी। केन्द्रीय तसर अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया। निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने बताया कि सदस्य सचिव द्वारा इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर वस्त्र राज्य मंत्री, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, असम के मुख्यमंत्री महोदय सहित पूरे देश से अनेक संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा शुभकामना दी गई। उन्होंने बताया कि आईएससी द्वारा 10 से 12 अक्तूबर तक रोमानिया देश के बुचारेस्ट शहर में 27वें सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें भारत से केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिवकुमार के नेतृत्व में डॉ एनबी चौधरी, निदेशक, केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी, दिलीप कुमार, पी नायक अंतरराष्ट्रीय सेरिकल्चरल आयोग सहित रेशम विभाग से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रोमानिया गए थे।

# सीएम हेमंत के कार्यों को जनता के बीच ले जाएगा युवा राजद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषणा के साथ ही युवा राजद अब धरातल पर हेमंत सोरेन सरकार के कार्यों को जनता के बीच ले जाने का काम करेगा। इसे लेकर प्रदेश राजद कार्यालय में मंगलवार को युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक कर विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। युवा राजद अध्यक्ष ने बताया कि इंडिया गठबंधन के बीच सीट बंटवारे की घोषणा जल्द हो जाएगी। इसके साथ ही राजद कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही इंडिया गठबंधन सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों तथा उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच में जाने का काम करेंगे। इस दौरान गायत्री देवी को रांची जिला की प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में विशेष रूप से युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष जफीर खान, महासचिव धर्मेंद्र सिंह, महासचिव मंतोष यादव, प्रवक्ता रवि प्रकाश जायसवाल, क्षितिज मिश्रा, सचिव अजय यादव, फरहान खान, महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, राजेश यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आजसू का अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह दूसरे दिन समाप्त

**बुंडू।** बुंडू बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता बरतने के खिलाफ आजसू कार्यकर्ताओं का जल सत्याग्रह मंगलवार को समाप्त हुआ। आंदोलन के 24 घंटे बाद बुंडू एसडीओ किष्टो बेसरा से वार्ता के बाद जल सत्याग्रह वापस ले लिया गया। बुंडू बड़ा तालाब के पानी मेंखड़े रहकर जल सत्याग्रह कर रहे आजसू कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे राजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि उनकी मांगें मान ली गईं हैं। उन्होंने बताया कि एसडीओ से वार्ता के बाद यह समझौता हुआ कि 20 अक्तूबर तक कार्यस्थल (बुंडू बड़ा तालाब) में किए जा रहे कार्य की संपूर्ण विवरणी से संबंधित सूचना पट्ट लगा दिया जाएगा। वहीं किए जा रहे कार्य की जांच के लिए एक कमेटी गठित होगी जो अपनी रिपोर्ट 22 अक्तूबर तक देगी। कुशवाहा ने कहा कि यदि जांच से वे संतुष्ट नहीं हुए तो आंदोलन तेज करेंगे। वहीं मामले को उच्च न्यायालय तक लेकर जाएंगे। बुंडू एसडीओ किष्टो बेसरा ने कहा कि नौ अक्तूबर को ही जांच टीम गठित कर दी गई थी जो 22 अक्तूबर को अपनी रिपोर्ट देगी। बुंडू नगर पंचायत प्रशासक शुभम पोद्दार ने बताया कि इस योजना के तहत तालाब में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के अतिरिक्त लाइट हेतु 80 पोल, कार्य की शुरूआत में तालाब की सफाई, तालाब के किनारे प्लांटेशन भी करना है। यह कार्य अब अपने अंतिम चरण में है।

## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से महिला की बिगड़ी तबीयत

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के मतरामेटा गांव में बीती रात जहरीले सांप के काटने से गांव की हसीना बीवी नामक महिला की तबीयत बिगड़ गई ,बिगड़ी तबीयत देख पति नसीम खान ने उसे तुरंत इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी उपचार चल रही है ।जानकारी देते हुए पति ने बताया कि वह खाट पर सोई थी इसी दौरान अचानक उसके पैर पर सांप ने काट लिया इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया और 25 वाईल एंटी स्नेक वेनम का इंजेक्शन चला जिसके बाद महिला की स्थिति में सुधार आई। समाचार लिखे जाने तक महिला का इलाज सदर अस्पताल सिमडेगा में चल रही है।

# खेल-खेल में मक्खी मारने की दवा पीने से दो बच्चियों की मौत, एक की हालत गंभीर

*सदर अस्पताल में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ परिजनों व लोगों का रो-रोकर खराब हाल*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा के जलडेगा थाना क्षेत्र में मंगलवार को तीन नाबालिक मासूम बच्चियों ने मक्खी मारने की दवा धोखे से खाया जिसके बाद दो कि सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान जलडेगा निवासी अनिल लुगुन की 4 वर्षीय पुत्री याचना लुगुन, प्रमोद तोपनो की 5 साल की बेटी सृष्टि तोपनो के रूप में हुई। वहीं तीसरी बच्ची सृष्टि लोमगा पिता जोसेफ लोमगा जिसका इलाज चल रहा है जानकारी देते हुए। सृष्टि के मामा ने बताया कि घर में कोई नहीं थे और सभी लोग इधर-उधर थे इसी दौरान तीनों बच्ची ने खेल खेल में घर में रखे मक्खी मारने की दवा को सेवन कर लिया इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और तीनों बेहोश हो गए तुरंत उन्हें जलडेगा अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के साथ ही दो बच्चों की मौत हो गई जबकि तीसरा की इलाज चल रही है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। इधर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि दो बच्चों की मौत गई एक कि ईलाज चल रही वही पोस्टमार्टम करवाने के साथ शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी गांव में आगे की तरफ फैल गई जिसके बाद परिजनों का सदर अस्पताल में भीड़ उमड़ी और रो-रो कर सभी का बुरा हाल था इधर घटना के बाद झारखंड पार्टी के नेता संदेश एक्का, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम सहित कई लोग सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार का ढांढस से बढ़ाया।

### विकलांग सेवा आश्रम के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**सिमडेगा।** विकलांग सेवा आश्रम के बैनर तले मंगलवार को पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद दिव्यांगों ने डीसी को आवेदन सौंप कर पांच सूत्री मांगों के संदर्भ में समाधान करने का आग्रह किया है। आश्रम के अध्यक्ष पीटर केरकेटटा और सचिव जेवियर सोरेंग ने संयुक्त रुप से बताया कि दिव्यांग पेंशन में बढ़ोत्तरी, लाल राशन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने, पीएम आवास या अबुआ आवास योजना का लाभ देने, दिव्यांगों को नौकरी में पांच प्रतिशत आरक्षण देने और मानसिक एवं मुक बधिर दिव्यांगों को प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में प्रमोद टोप्पो, सुकराम बड़ाईक, सुखंती कुमारी, कांति टेटे, महिमा डुंगडुंग, शांति बाला, चम्पावती कुमारी, विमला कुमारी, संगीता केरकेटटा सहित आश्रम के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने नियुक्त पारा सदस्यों के साथ की बैठक

# जरूरतमंदों को कानूनी सहायता प्रदान करना प्राधिकार का उद्देश्य है : सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नव नियुक्त पारा विधिक स्वयं सेवकों की बैठक सोमवार को प्राधिकार के सभागार में हुई। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएलवी के कार्यों और उनके दायित्वों के बारे जानकारी दी गई। सचिव हेमरोम और सहायक एलएडीसीएस सुकोमल ने उनके कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। सचिव हेमरोम ने कहा कि पीएलवी को सभी थानों में प्रतिनियुक्त किया गया है। थानों में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को बैठेंगे और लोगों को विधिक सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को कानूनी सहायता प्रदान करना प्राधिकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पीएलवी अपने अपने क्षेत्र को भी जागरूक कर सकते हैं। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किन्हीं को कोई जानकारी चाहिए तो प्राधिकार कार्यालय से जानकारी हासिल किया जा सकता है। मौके पर कई पीएलवी मौजूद थे।

### इंद मेला समिति लचरागढ़ की बैठक संपन्न तारकेश्वर साहू बने अध्यक्ष

**बानो।** लचरागढ़ पंचायत भवन में इंद मेला समिति के बैठक अमित साहू की अध्यक्षता में हुई। मौके पर कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह व दीपक कंडुलना को बनाया गया। वहीं सचिव पवन अग्रवाल, सह सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष विनीत पांडा को बनाया गया। जबकि संरक्षक में डॉ प्रभात कुमार जायसवाल, अमित कुमार साहू, नरे साहू को एवं कार्यकारी सदस्य में कलेश सिंह, आशीष साहू, राजू कसेरा, टोनी अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल, प्रवीण साहू, सुदामा, संजय मिश्रा, संजय दुबे, धर्मवीर सिंह, प्रदीप साहू, राजेश आदि को शामिल किया गया।

### बानो में रौतिया समाज की बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** रौतिया समाज की सामाजिक बैठक बानो प्रखंड के बड़काडुईल पंचायत के मंयंगसोर, गंझूटोली एंव पबुढा पंचायत के बुम्बुलडा गांव की बैठकू की गयी, जिसमें रौतिया समाज की सामाजिक एकता, सामाजिक समस्याओं व रौतिया समाज के लोगों की जमीन को अवैध तरीके से खरीद बिक्री पर रोक लगाने पर चर्चा की गई. बुम्बुलडा में रौतिया समाज की बिक रही 27 एकड़ की जमीन को तत्काल रोक लगाने सह गांव के सभी लोगों को गोलबंद जमीन दलालों को चिन्हित कर रौतिया गांव नहीं घुसने देने पर विचार की गयी. बैठक में प्रखंडअध्यक्ष महेश सिंह, रामप्रशाद सिंह, शिवशरण सिंह, बलराम सिंह, नरेन्दर सिंह, राजेन्दर सिंह, बिमल सिंह, रामकिशोर सिंह, नेमा सिंह, रमेश सिंह, विष्णु सिंह,बलदेव सिंह, रामकिशोर सिंह,रविन्दर सिंह, अरजुन सिंह, सुखदेव सिंह के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिमडेगा के 97 आरक्षियों को दी गई प्रोन्नति, एसपी ने किया सम्मानित




**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पाइपिंग समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एसपी सिमडेगा सौरभ के द्वारा, सिमडेगा पुलिस बल के सभी 97 कांस्टेबलों को सअनि की कोटि में पदोन्नत किया गया कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक एसडीपीओ, एवं डीएसपी मुख्यालय द्वारा नवप्रोन्नत सअनि को रैंक का स्टार बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसपी के द्वारा सभी को पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गई। पदोन्नति के साथ आयी नयी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया कसअनि के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वाहन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही भविष्य में और बेहतर कार्य करने की कामना की गई। सिमडेगा जिलान्तर्गत 97 आरक्षियों की पदोन्नति हो जाने से थाना स्तर पर बेहतर कार्य होगा और निश्चित ही जिलावसियों के लिए लाभप्रद होगा।

### सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती




**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगवाई में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जयंती के मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बारी-बारी से सभी कांग्रेसी नेताओं ने डॉक्टर कलाम के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया ,मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि 15 अक्टूबर 1931 को जिन्हें हम मिसाइल मैन के रूप से जानते हैं वैसे महान शख्सियत डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म हुआ ,जिन्होंने भारत को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मिसाइल सहित कई चीजे देने का काम किया।आज उनका नाम इतिहास में अमर हो गया ,हमें उनके जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है, आज भी उनके द्वारा बनाए गए कई मिसाइल हमारे देश के सैनिक खेमे मे देश की सुरक्षा के लिए रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनकी तरह देश सेवा करने की जज्बा लोगों के अंदर जागने की आवश्यकता है ,ताकि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। वही इस मौके पर जिला अध्यक्ष के अलावा वरीय उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज ,शिशिर मिंज दिलीप तिर्की, पुष्पा कुल्लू, रेमोन बा, प्रवक्ता रणधीर रंजन, अरमान सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की प्रेस वार्ता

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 की घोषणा को लेकर समाहरणालय, सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेन्स में उपायुक्त द्वारा जिले के सभी प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को जानकारी दी गयी कि सिमडेगा में मंगलवार से आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। जहां पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी जिसके तहत नाम निर्देशन 18 अक्टूबर,नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25अक्टूबर वही नाम निर्देशन की संवीक्षा की तिथि-28 अक्टूबर तथा अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि-30 अक्टूबर वही इसके अलावा मतदान की तिथि 13को मतदान की तिथि है जबकि मतगणना की तिथि 23 नवंबर को होगी ।उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं समावेशी चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध कर मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित कर दिया गया है। सिमडेगा जिले में वर्तमान में कुल-453372 मतदाता है जिसमें 5818 दिव्यांग एवं 85+ के कुल मतदाताओं की संख्या 2674 है। 15.10.2024 से सतत अधतनीकरण के दौरान अबतक कुल 21710, 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लिया गया है। सिमडेगा जिले में समावेशी मतदान के लिए 574 मतदान केन्द्र बनाये गये है, 59 तोरपा विधानसभा में बानो प्रखंड का अंश है- जिसमें कुल 89 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें पर्याप्त फर्निचर, हेल्पडेस्क, दिव्यांगो के लिए रैम्प, शौचालय, शुद्ध पेयजल और बिजली की व्यवस्था की गयी है।

### सिमडेगा कॉलेज मोड़ के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक-युवती घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज मोड़ के पास मंगलवार को दोपहर में हुए मोटरसाइकिल दुर्घटना में उड़ीसा के कुटूपानी निवासी अमित तोपनों नामक युवक और उसके साथ बाइक पर बैठी एक युवती गिरकर घायल हो गए। घायल को पुलिस की पीसीआर की मदद से इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाये, जहां पर इलाज चल रही है ।बताया गया की घटना में युवती को हल्की चोट लगी है ,जबकि युवक को गंभीर चोट लगी है और वह बेहोश हो गया। इधर सदर अस्पताल से में उसकी इलाज चल रही है । जानकारी देते हुए युवती ने बताया कि वह लोग सिमडेगा मेहमान आए थे और लौट रहे थे इसी दौरान कॉलेज मोड़ के पास नियंत्रण को कर गिरे हेलमेट नहीं होने की वजह से अमित के माथे में चोट लगी और बेहोश हो गया, जबकि युवती के चेहरे में हल्की चोट लगी ,फिलहाल सिमडेगा अस्पताल में इलाज चल रही है।

### युवा संघ जलडेगा के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नृत्य व गीत हमारी पहचान है, इसे बचाए रखने की जरूरत : राजेश सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड स्कूल मैदान में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर युवा संघ के तत्वावधान में सोमवार की रात नागपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सह सीसीएल माइंस के मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह, विशेष अतिथि डॉ प्रवीण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह इंस्पेक्टर पासवान थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा फिता काट कर उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि को युवा संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार साहू ने फूल माला और बैच पहना कर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि राजेश सिंह ने कहा कि भाषा, संस्कृति, नृत्य व गीत हमारी पहचान है, जिसे बचाए रखने की जरूरत है। श्री सिंह ने कहा कि युवाओं से आगे आकर अपने गौरवशाली संस्कृति की आगे तक ले जाने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि बुराई पर सत्य की विजय होती है। विशेष अतिथि डॉ प्रवीण कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी लोगों को शांतिपूर्वक कार्यक्रम का लुप्त उठाने और हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलने को कहा। इस मौके इंस्पेक्टर पासवान जी ने भी शांतिपूर्णता बनाए रखने की अपील लोगों से की। नागपुरिया प्रोग्राम में एक से बढ़कर एक रांची के कलाकार ने हिस्सा लिया जिसे सुनकर हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता ने लुप्त उठाया। मंच का संचालन सुभाष साहू ने किया। युवा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार साहू उपाध्यक्ष आकाश कुमार साहू सचिव अमित साहू कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार मौजूद थे। समापन सुभाष साहू के द्वारा किया गया।

### एसएस हाई स्कूल मैदान में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन

# 68 आवेदकों का किया गया चयन और 94 आवेदकों को किया गया शॉर्ट-लिस्ट




**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
कोलेबिरा प्रखंड के एसएस हाई स्कूल मैदान, कोलेबिरा में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। आशा मक्सिमा लकड़ा, जिला नियोजन पदाधिकारी सिमडेगा विरेन्द्र किंडो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोलेबिरा, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का शुभारंभ किया गया।सर्वप्रथम जिला नियोजन पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं नियोजनालय में उपलब्ध सुविधाओं, राष्ट्रीय कैरियर सर्विस के संबंध में आगंतुक, बेरोजगार आवेदक/आवेदिकाओं तथा उपस्थित नियोजकों को विस्तार से अवगत कराया तथा झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के सफल क्रियान्वयन से स्थानीय लोगो को स्थानीय रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रोजगार मेला में उपस्थित नियोजकों को भी निर्देशित किया कि स्थानीय नियोजन नीति के तहत नियम एवं नियमावली का दृढ़ता से पालन करें।

### बस ओनर एसोसिएशन ने चुनाव को लेकर परिवहन कार्यालय में की बैठक

# चुनाव कार्य में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण : संजय कुमार बखला



*चुनाव को लेकर वाहनों के अधिग्रहण से संबंधित सूची समय पर दे दी जाएगी, ताकि समय रहते वाहनों को जमा करा दें*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
झारखंड में विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा हो चुकी है जिसको लेकर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला के द्वारा बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मालिकों से बैठक का आयोजन किया। बैठक का आयोजन करते हुए उन्होंने सभी लोगों को चुनाव से संबंधित जानकारी दी और कहा कि चुनाव का कार्य में सभी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, ऐसे में सभी लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर लोकतंत्र के इस माह पर्व को संपन्न किया जा सके। मौके पर उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर वाहनों का अधिग्रहण से संबंधित आप लोगों को समय पर सूची दे दी जाएगी, ताकि समय रहते वाहनों को आप जमा करेंगे जिससे कि चुनाव कार्य में किसी प्रकार से कोई भी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा इसके लिए सभी लोग सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी परेशानी होगी इसके लिए आप परिवहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी से मुलाकात करते हुए आप अपने समस्याओं को रखेंगे ताकि आपकी समस्या को दूर किया जा सके ।उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी लोग सहयोग करेंगे इस मौके पर संघ के अध्यक्ष रमेश महतो,जितेंद्र जैसवाल, विजय कुमार, बॉबी खान, गुड्डा, बंटी मिश्रा,सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजनीति दल के प्रतिनिधियों ने की चुनाव को लेकर बानो प्रखंड कार्यालय में बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड कार्यालय बानो के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी की अध्यक्षता में प्रखण्ड के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीडीओ नैमुदीन अंसारी ने आचार संहिता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी पार्टी नियम का पालन करें।सार्वजनिक स्थलों से पार्टी के पोस्टर, झंडे आदि लगे हो तो समय रहते हटा दें। जिस मतदाता का नाम अब तक मतदाता सूची में नहीं चढ़ा हो तो उसका नाम सूची में शामिल करने में सहयोग करें। विधानसभा चुनाव में शांति पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने में भी आप सहयोग करें।मौके पर जगदीश बागे, फिरू बड़ाईक, अनिल लुगुन, सुधीर लुगुन, अनमोल लुगुन, मो तनवीर आदि लोग उपस्थित थे।

### बानो में कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

**बानो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद मैदान में सोमवार की रात जलसा ए सिरतुन्नबी सह इस्लाहे मुआसरा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप लातेहार से आए मौलाना वाजिद रहमानी चतुर्वेदी और उत्तर प्रदेश से आए शायर दिल खैराबादी मौजूद थे। मदरसा इस्लामिया तजविदुल कुरान के मोहतमिम मुफ्ती इस्त्राफिल की अध्यक्षता में आयोजित जलसा में कई उलेमा ए कराम और शायर ए इस्लाम मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरआन पाक से हुई। मौके पर अपनी तकरीर में मौलाना चतुर्वेदी ने कहा कि मोहम्मद साहब ने लोगों को मानवता का पाठ पढ़ाया।

### जूनियर कैंब्रिज स्कूल में मनाई गई डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

# अब्दुल कलाम एक सच्चे देशभक्त और युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत थे : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित और सरस्वती वंदना के साथ हुई इसके बाद विद्यालय के प्राचार्या प्रभा केरकेट्टा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि एक सच्चे देशभक्त और युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्त्रोत भी थे। हमें उनके विचारों से सीख लेकर अपने जीवन में उन्हें उतरना चाहिए। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक शीतल प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर कलाम ने हमें यह सिखाया कि सपने देखना और उन्हें साकार करना किसी भी देश के विकास की नींव होती है। हमें विज्ञान, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। बच्चों को कहानी के माध्यम से डॉक्टर कलाम के मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाने के लिए हमें रोज दिन किताब पढ़नी चाहिए, अपने गुरुजनों की बात सुननी चाहिए, प्रश्न पूछनी चाहिए और खुली आंखों से ऐसे सपने देखनी है जो हमें सोने ना दे। कार्यक्रम के दौरान निबंध, कविता पाठ और कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष, अभीश्री, विभा, बेबी, रोशनी, दीपांजल और साकिब अंसारी को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। आज के इस कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षिका मुनूरेन कल्लू ने किया, और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

